भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

भारत के प्रेस महापंजीयक का कार्यालय

9 वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स

लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

https://prgi.gov.in

दिनांक: 22.05.2026

2026 की परामर्शिका सं0 10

विषय: प्रेस सेवा पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक विवरण की ई-फाइलिंग की अंतिम तिथि बढ़ाने- के संबंध में।

भारत के प्रेस महापंजीयक के कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण (पीआरपी) अधिनियम, 2023 के उपबंधों के अंतर्गत वार्षिक विवरण प्रस्तुत किए जाने के संबंध में जारी दिनांक 25.03.2026 की परामर्शिका संख्या 2026 की 07 के क्रम में, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से वार्षिक विवरण प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि बढ़ाकर **31 जुलाई, 2026** कर दी गई है।

2. यह विस्तार प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण (पीआरपी) अधिनियम, 2023 की धारा 12(1) तथा प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 के नियम 9 के साथ पठित, जो वार्षिक विवरण प्रस्तुत करने की समय-सीमा को निर्धारित करता है तथा विशेष परिस्थितियों में फाइलिंग विंडो को विनियमित अथवा विस्तारित करने के लिए प्रेस महापंजीयक के प्राधिकार को अधिदेशित करता है, के उपबंधों के अनुसार किया गया है।

3. सभी प्रकाशकों को अपना वार्षिक विवरण केवल ऑनलाइन माध्यम से प्रेस सेवा पोर्टल (www.presssewaportal.gov.in) पर लॉग-इन करके प्रस्तुत करना अपेक्षित है। कृपया ध्यान दें कि किसी भी परिस्थिति में कोई भौतिक प्रस्तुतीकरण, डाक अथवा ऑफलाइन पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ई-फाइलिंग के उपरांत किसी भी प्रकार का संशोधन अनुमत्य नहीं होगा।

विस्तारित अंतिम तिथि : 31 जुलाई, 2026

4. प्रकाशकों को दृढ़तापूर्वक परामर्श दिया जाता है कि वे इस विस्तारित समयावधि के भीतर पूर्ण एवं सही जानकारी का समयबद्ध प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करें। अपूर्ण/गलत जानकारी प्रस्तुत करने अथवा विहित समय-सीमा के भीतर वार्षिक विवरण प्रस्तुत करने में पूर्णतः विफल रहने की स्थिति में, प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 के सुसंगत दंडात्मक उपबंधों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें प्रकाशन के रजिस्ट्रीकरण की स्थिति पर संभावित जोखिम भी सम्मिलित है।

5. किसी भी तकनीकी कठिनाई अथवा अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए हेल्पडेस्क से दूरभाष संख्या 011-24320025 पर अथवा **ई-मेल** it-helpdesk.rni@gov.inके माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

यह भारत के प्रेस महापंजीयक के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित

(रत्नाकर पामुला)

उप प्रेस महापंजीयक